दिन–रविवार

दिनांक– 19 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नई उपलब्धियों के लिए देश के वैज्ञानिकों की सराहना की। आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश विदेश के लोगों के साथ विचार साझा किए।

02. अखिल भारतीय पीठासीन पदाधिकारियों का पचासीवां सम्मेलन कल से पटना में शुरू हो रहा है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे उद्घाटन।

03. कटिहार में गंगा नदी में नौका दुर्घटना में तीन लोगों की डुबने से मौत। सात लोग लापता।

04. और, मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में ठंड से राहत मिलने का पूर्वानुमान व्यक्त किया।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत प्रखर वैज्ञानिकों और नवोन्मेषी वैज्ञानिकों की बदौलत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित कर रहा है, जिससे भावी चुनौतियों के समाधान उपलब्ध होंगे। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम की एक सौ 18वीं कड़ी में उन्होंने अंतरिक्ष के क्षेत्र में देश की हाल की उपलब्धियों की सराहना की। श्री मोदी ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में कार्यरत बैंगलुरू के स्टार्ट–अप पिक्सल की प्रशंसा की।

———बाईट———

एक भारतीय स्पेस–टैक स्टार्ट–अप बेंगलुरू के पिक्सेल ने भारत का पहला निजी सैटेलाइट कॉन्स्टेलेशन – फायर–फ्लाई, सफलतापूर्वक लॉन्च किया है। यह सैटेलाइट दुनिया का सबसे हाई–रेजोलुशन हाईपरस्पेक्ट्रल सैटेलाइल कॉन्स्टेलेशन है।

प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष में उपग्रहों की डॉकिंग में मिली सफलता के संबंध में कहा कि यह तकनीक अंतरिक्ष केंद्रों को सामग्री की आपूर्ति और अंतरिक्ष में यात्रियों को भेजने के लिए महत्वपूर्ण है।

———बाईट———

हमारे साइंसटिस्ट ने सैटेलाइट्स की स्पेस डॉकिंग कराई है। यह तकनीक अंतरिक्ष में स्पेस स्टेशन तक सप्लाई भेजने और क्रू मिशन के लिए अहम है। भारत ऐसा चौथा देश बना है, जिसने ये सफलता हासिल की है।

श्री मोदी ने अंतरिक्ष में लोबिया के पौधे उगाने में वैज्ञानिकों को मिली सफलता की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे अंतरिक्ष में सब्जी उगाना संभव होगा। प्रधानमंत्री ने आईआईटी–मद्रास के एक्स–टेम केंद्र की प्रशंसा की जो अंतरिक्ष में निर्माण के लिए नई तकनीक पर काम कर रहा है। उन्होंने देशवासियों की ओर से वैज्ञानिकों, नवाचार से जुड़े लोगों और युवा उद्यमियों को शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को 75वें गणतंत्र दिवस की भी अग्रिम शुभकामना दी।

–––बाईट–––

इस बार का 'गणतंत्र दिवस' बहुत विशेष है। ये भारतीय गणतंत्र की 75वीं वर्षगाँठ है। संविधान लागू होने के 75 साल हो रहे हैं। मैं संविधान सभा के उन सभी महान व्यक्तित्वों को नमन करता हूँ, जिन्होंने हमें हमारा पवित्र संविधान दिया।

स्टार्ट–अप इंडिया कार्यक्रम के नौ वर्ष पूरा होने पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं है।

–––बाईट–––

कुछ दिन पहले ही स्टार्टअप इंडिया के 9 साल पूरे हुए हैं। हमारे देश में जितने स्टार्टअप्स 9 साल में बने हैं उनमें से आधे से ज्यादा टिअर–टू और टिअर–थ्री शहरों से हैं। हमारा स्टार्टअप कल्चर बड़े शहरों तक ही सीमित नहीं है। छोटे शहरों के स्टार्टअप्स में आधे से ज्यादा का नेतृत्व हमारी बेटियां कर रही हैं।

उत्तरप्रदेश में प्रयागराज में चल रहे कुंभ मेले के संबंध में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह समता–समरसता का एक असाधारण संगम है।

–––बाईट–––

कुंभ का ये उत्सव विविधता में एकता का उत्सव मनाता है। संगम की रेती पर पूरे भारत के, पूरे विश्व के लोग, जुटते हैं। हजारों वर्षों से चली या रही इस परंपरा में कहीं भी कोई भेदभाव नहीं। सब लोग संगम में डुबकी लगाते हैं, तभी तो 'कुंभ' एकता का महाकुंभ है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार प्रयागराज, उज्जैन, नासिक और हरिद्वार में कुंभ का आयोजन होता है, उसी प्रकार गोदावरी, कृष्णा, नर्मदा और कावेरी नदियों के तट पर पुष्करम का आयोजन होता है। श्री मोदी ने कहा कि कुंभ में युवाओं की व्यापक भागीदारी हो रही है और जब युवा पीढी अपनी सभ्यता के साथ गर्व से जुड़ जाती है, तो उसकी जड़ें और मजबूत होती हैं। उन्होंने कहा कि इस बार कुंभ में बड़े पैमाने पर डिजिटल तकनीक का उपयोग हो रहा है और कुंभ की ये वैश्विक लोकप्रियता हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––

खबरें महाकुंभ की

———म्यूजिक———

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के दौरान लोगों ने आकाशवाणी से प्रसारित प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना। यह कार्यक्रम लाउडस्पीकर से प्रसारित किया गया। श्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में महाकुंभ 2025 के विभिन्न पहलुओं की चर्चा की। उन्होंने कहा था कि यह आयोजन समानता और सद्‌भावना का अद्‌भुत संगम है। एक रिपोर्ट –

———बाईट———

आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए कुछ श्रद्धालुओं ने मन की बात सुनने के बाद अपने विचार साझा किए। मैं यहां स्नान करने आई थी और इसलिए मैंने प्रधानमंत्री की मन की बात सुना, जिसमें उन्होंने बहुत सारी अच्छी–अच्छी बातें बताई, जिसमें उन्होंने ये बताया कि महाकुंभ जो है एकता का प्रतीक है। प्रधानमंत्री जी के मन की बात सुनने को मिला, काफी अच्छा लगा और वास्तविक जो है महाकुंभ एकता का संदेश देता है। महाकुंभ नगर में श्रद्धालु और तीर्थ यात्री पब्लिक एड्रेस सिस्टम से आकाशवाणी के कुंभवाणी समाचार बुलेटिन भी सुन रहे है। यह चौनल 26 फरवरी तक समाचार और अन्य कार्यक्रम प्रसारित करता रहेगा । आनंद कुमार, आकाशवाणी समाचार, कुंभ नगर।

————————————————————————

अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों का पचासीवां सम्मेलन कल से पटना में शुरू हो रहा है। दो दिवसीय इस सम्मेलन का उद्‌घाटन लोक सभा अध्यक्ष ओम बिड़ला करेंगे। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने बताया कि उदघाटन समारोह विधान मंडल के सेंट्रल हॉल में आयोजित होगा, जबकि पूर्ण सत्र विधानसभा के भीतर होगा, जिसकी अध्यक्षता लोक सभा अध्यक्ष श्री बिरला करेंगे। उन्होंने कहा कि देशभर से लगभग तीन सौ प्रतिनिधि इसमें हिस्सा लेंगे।

———बाईट———

बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि समापन समारोह को राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और लोकसभा अध्यक्ष करेंगे। दो दिवसीय सम्मेलन का विषय है– संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने में संसद और राज्य विधायी निकायों का योगदान। श्री यादव ने कहा कि समारोह में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों को बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से अवगत कराया जायेगा।

———बाईट———

इधर, विधानमंडलों के सचिवों की इकसठवीं बैठक अब से थोड़ी देर पहले पटना में शुरू हुई।

————————————————————————

कटिहार जिले के अमदाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत गदाई दियारा इलाके में मजदूरों को ले जा रही एक नाव अनियंत्रित होकर गंगा नदी में पलट गई। इस दुर्घटना में तीन लोगों की डूब कर मौत हो गई। जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा बताया कि नाव पर सोलह लोग सवार थे। जिनमें से चार लोग स्वयं तैरकर नदी से बाहर निकल आये। जबकि चार अन्य लोगों को स्थानीय लोगों की मदद से सुरक्षित बाहर निकाला गया। उन्होंने बताया कि पांच लोग अभी भी लापता है। वहीं, अनुमंडल पदाधिकारी कुमार सिद्धार्थ ने बताया कि लापता लोगों की खोज के लिए एसडीआरएफ के जवानों को लगाया गया है।

———बाईट———

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस नाव दुर्घटना में मृतकों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने अधिकारियों को लापता लोगों की तालाश के लिए प्रभावी खोजबीन अभियान जारी रखने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को चार—चार लाख रुपये अनुग्रह अनुदान की राशि देने के भी निर्देश दिए है।

————————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव कम होने और दिनभर खिली धूप के कारण राज्य के अधिकांश भागों में न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिसके कारण आज लोगों को ठंड से राहत मिली है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। इसके बाद दो दिनों तक प्रदेश के अधिकतर भागों में तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास का डेहरी प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा। यहां का न्यूनतम तापमान छह दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

———————————————————————————

ठंड में कमी के मद्देनजर पटना जिले में आठवीं कक्षा तक के स्कूलों में पठन–पाठन का कार्य कल से शुरू हो जायेगा। जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने इस संबंध में आज एक आदेश जारी किया है। जिलाधिकारी ने ठंड की स्थिति में सुधार को देखते हुए स्कूलों को खोलने के आदेश दिए हैं। डॉक्टर सिंह ने कहा है कि अपराह्न साढ़े तीन बजे के बाद सभी कक्षाओं के स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों के संचालन पर रोक रहेगी। इधर, पश्चिम चंपारण जिले में जिलाधिकारी ने ठंड में बढ़ोतरी को देखते हुए कल से बाईस जनवरी तक प्राथमिक और मध्य विद्यालयों को बंद करने का आदेश दिए है।

———————————————————————————

सुपौल में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल एनडीआरएफ का नवनिर्मित क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केन्द्र आरआरसी आज से कार्य करने लगा है। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आन्ध्रप्रदेश के विजयवाड़ा से वीडियों कॉन्फ्रेंस के जरिये इस केन्द्र का उद्घाटन किया। इस केन्द्र के बन जाने के बाद और अन्य आपदाओं के समय लोगों को त्वरित सहायता मिल सकेगी और जानमाल के नुकसान के जोखिम को भी कम किया जा सकेगा।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के बहादुरपुर क्षेत्र में पूर्व मंत्री और त्रिपुरा के पूर्व राज्यपाल प्रोफेसर सिद्धेश्वर प्रसाद की प्रतिमा का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय स्वभिमान दिवस के अवसर पर पटना में आयोजित महाराणा प्रताप स्मृति समारोह में भी भाग लिया।

———————————————————————————

राजपुताना राज्य संघर्ष समिति की ओर से महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर पटना के गर्दनीबाग में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

———————————————————————————

बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर में आज तीसरे लद्दाख जैमन मोनलम चेम्मो विशेष पूजा का आयोजन किया गया। इसके तहत ज्ञान स्थली पर लद्दाख की प्रमुख नदियों और सरोवरो के पवित्र जल तथा फूलों से अभिषेक किया गया।

————————————————————

पूर्व विधायक रामेश्वर चौरसिया ने कहा है कि केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार रोहतास जिले में बाबा साहब अम्बेडकर से जुड़े पांच स्थलों को चिन्हित कर विकसित कर रही है। श्री चौरसिया ने सासाराम में संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी।

————————————————————

बिहार के चीफ पोस्ट मास्टर जनरल अनिल कुमार ने नवादा जिले के ऐतिहासिक अपसढ़ दरियापुर पार्वती शिक्षा केन्द्र पर आधारित एक विशेष डाक कवर जारी किया। इस अवसर पर वारिसलिगंज की विधायक अरूणा देवी और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

————————————————————

पटना जिला के दानापुर अनुमंडल अंतर्गत रूपसपुर में पुलिस ने एटीएम से छेड़छाड़ कर लोगों के पैसे चुराने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। एएसपी भानू प्रताप सिंह ने यह जानकारी दी।

————————————————————

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नई उपलब्धियों के लिए देश के वैज्ञानिकों की सराहना की। आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश विदेश के लोगों के साथ विचार साझा किए।
02. अखिल भारतीय पीठासीन पदाधिकारियों का पचासीवां सम्मेलन कल से पटना में शुरू हो रहा है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे उद्घाटन।
03. कटिहार में गंगा नदी में नौका दुर्घटना में तीन लोगों की डुबने से मौत। सात लोग लापता।
04. और, मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में ठंड से राहत मिलने का पूर्वानुमान व्यक्त किया।

————————————————————

समाप्त